कार्यालय जिला कलेक्टर एवम् जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

www.jaipur.rajasthan.in

क्रमांक / सहायता / बाढ / 2021 / 515 दिनांक : 4/4/22

वित्तीय सलाहकार,
आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग,
राजस्थान, जयपुर

विषय : मानसून, 2021 के दौरान भारी वर्षा से प्रभावित सडकों की मरम्मत के बिलों के भुगतान हेतु बजट आवंटन करने बाबत।

प्रसंग : आपका पत्रांक प.8(1)आ.प्र.एवं सहा / बाढ / 2021 / 9850 दि. 27.7.2021

महोदय,

विषयक प्रासंगिक पत्र के अनुक्रम में लेख है कि गत वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान आप द्वारा जिला जयपुर के उपखण्ड दूदू, सांभर, जयपुर, आमेर, शाहपुरा, जमवारामगढ में मानसून, 2020 के दौरान हुई वर्षा से क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत के बिलों के भुगतान हेतु क्रमशः राशि रूपये 108530060 / – (केन्द्रीय मद) तथा राशि रूपये 36176690– (राज्य मद) कुल राशि 144706650 / – का बजट आवंटन मद 2245–02–106–08–01 में ऑन लाईन किया गया था। प्राप्त बजट आवंटन के अनुसरण में इस कार्यालय स्तर से जारी वित्तीय स्वीकृतियों के संबंधित कार्यकारी अभिकरण अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड–दूदू, शाहपुरा एवं फुलेरा जिला जयपुर द्वारा सडक मरम्मत कार्य करवाये जाकर क्रमशः दिनांक 16.3.22, 30.3.22 एवं 31.3.22 को वास्ते भुगतान इस कार्यालय में प्रस्तुत किए गए। प्राप्त बिलों की जाँच करने एवं पे–मैनेजर की साइट दिनांक 31.3.22 को सायं 5.00 बजे बन्द हो जाने से मरम्मत बिलों का भुगतान किया जाना संभव नहीं हो सका तथा प्राप्त आवंटन राशि में से राशि रूपये 53570870 / – (केन्द्रीय मद) तथा राशि रूपये 17856960– (राज्य मद) कुल राशि 71427830 / – को मद 2245–02–106–08–01 में विभाग को समर्पित कर दिया गया है।

अतः कार्यकारी अभिकरण अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड–दूदू, शाहपुरा, फुलेरा जिला जयपुर द्वारा करवाये गये सडक मरम्मत कार्य के बिलों के भुगतान हेतु नीचे अंकित अनुसार बजट आवंटन वित्तीय वर्ष 2022–23 में मद 2245–02–106–08–01 में करवाने का श्रम करावें, ताकि बकाया देनदारियों को चुकारा किया जा सके, विवरण इस प्रकार है :–

क्र. सं	कार्यकारी अभिकरण	उपखण्ड	क्षतिग्रस्त परिसम्पत्ति	बिलों के अनुसार मांग राशि
1	अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड–शाहपुरा, जयपुर	आमेर	सडक	2963886
2	अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड–दूदू जयपुर	सांभर	सडक	7935335
3	अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड– फुलेरा जयपुर	चौमू	सडक	8171601
		फुलेरा	सडक	9102007
			योग	28172829

भवदीय,

प्रभारी अधिकारी (सहायता)
एवं अति.जिला मजिस्ट्रेट,
नगर (दक्षिण)जयपुर

☎ 0141-2209007(O) 0141-2209000(Fax) Email:- oic.relief.jpr@gmail.com